रजिस्ट्री सं० डी० 222 REGISTERED No. D. 222

# भारत का राजपत्र
# The Gazette of India

प्राधिकार से प्रकाशित

PUBLISHED BY AUTHORITY

सं० 28] नई दिल्ली, शनिवार, जुलाई 8, 1972/आषाढ़ 17, 1894

No. 28] NEW DELHI, SATURDAY, JULY 8, 1972/ASADHA 17, 1894

इस भाग में भिन्न पृष्ठ संख्या दी जाती है जिससे कि यह अलग संकलन के रूप में रखा जा सके।

**Separate paging is given to this Part in order that it may be filed as a separate compilation**

## भाग II—खण्ड 3—उप-खण्ड (i)

## PART II—Section 3—Sub-section (i)

(रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) भारत सरकार के मंत्रालयों और (संघ राज्य क्षेत्रों के प्रशासनों को छोड़कर) जारी किये गये विधि के अन्तर्गत बनाये और जारी किये केन्द्रीय प्राधिकारियों द्वारा गये साधारण नियम (जिसमें साधारण प्रकार के आदेश, उप-नियम आदि सम्मिलित हैं)।

**General Statutory Rules (including orders, bye-laws etc. of a general character) issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by Central Authorities (other than the Administrations of Union Territories).**

### DEPARTMENT OF COMPANY AFFAIRS

*New Delhi, the 5th May 1972*

**G.S.R. 815.**—In exercise of the powers conferred by the proviso to article 309 of the Constitution and of all other powers enabling him in this behalf, the President hereby makes the following rules further to amend the Company Law Board Service Rules, 1965, namely:—

1. (1) These rules may be called the Company Law Board Service (Amendment) Rules, 1972.

(2) They shall come into force on the date of their publication in the Official Gazette.

2. In the Company Law Board Service Rules, 1965—

(1) in sub-rule (1) of rule 1, in clause (b) of rule 2 and in sub-rule (1) of rule 3, for the words "Company Law Board Service", the words "Central Company Law Service" shall be substituted;

(2) in clause (c) of sub-rule (2) of rule 6, for the existing proviso, the following proviso shall be substituted, namely:—

"Provided that the proportion of departmental promotees to direct recruits shall be 3:5.";

(3) to sub-rule (1) of rule 7, the following proviso shall be added, namely:—

"Provided that the upper age limits specified in the Schedule may be relaxed in favour of Government servants.";

(4) to sub-rule (4) of rule 8, after clause (b), the following proviso shall be added, namely:—

"Provided that in computing the approved service for promotion to a duty post in grade II or grade III, the past service rendered by an officer prior to the 1st January, 1967 in the same post or in a comparable post included in part A or part C of Schedule I shall be taken into account but the seniority already assigned by the commission of the time of the initial constitution of the Service, shall not be disturbed in any way.".

(5) in Schedule I, in Part B,

(i) against serial No. 1, in the fourth column, for the words "Senior Accounts Officer", the words and brackets "Joint Director (Accounts)" shall be substituted;

(ii) against serial No. 2, in the fourth column, for the words "Senior Solicitor", the words and brackets "Joint Director (Legal)" shall be substituted;

## MINISTRY OF INFORMATION AND BROADCASTING

*New Delhi, the 15th May 1972*

**G.S.R. 817.**—In exercise of the powers conferred by the proviso to article 309 of the Constitution, the President hereby makes the following rules to amend the Directorate of Advertising and Visual Publicity (Class III Posts) Recruitment Rules, 1962, published with the notification of the Government of India in the Ministry of Information and Broadcasting No. G.S.R. 1383, dated the 25th September, 1962, namely:—

1. (1) These rules may be called the Directorate of Advertising and Visual Publicity (Class III Posts) Recruitment (Amendment) Rules, 1972.

(2) They shall come into force on the date of their publication in the Official Gazette.

2. In the Directorate of Advertising and Visual Publicity (Class III Posts) Recruitment Rules, 1962, after rule 6, the following rule shall be inserted, namely:—

"7. *Saving.*—Nothing in these rules shall affect reservations and other concessions required to be provided for Scheduled Castes and Scheduled Tribes and other special categories of persons in accordance with the orders issued by the Central Government from time to time in this regard."

[No. F.A-12018/1/72-Est.I/DS(I).]

S. PADMANABHAN, Dy. Secy.

## सूचना और प्रसारण मंत्रालय

नई दिल्ली, 15 मई, 1972

**सा० का० नि०** 817.—राष्ट्रपति, संविधान के अनुच्छेद 309 के परन्तुक द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, भारत सरकार के सूचना और प्रसारण मंत्रालय की तारीख 25 सितम्बर, 1962 की अधिसूचना सं० सा० का० नि० 1383 के साथ प्रकाशित, विज्ञापन और दृश्य प्रचार निदेशालय (वर्ग 3 पद) भर्ती नियम, 1962 में संशोधन करने के लिए एतद्द्वारा निम्नलिखित नियम बनाते हैं, अर्थात् :—

1. (1) इन नियमों का नाम विज्ञापन और दृश्य प्रचार निदेशालय (वर्ग 3 पद) भर्ती (संशोधन) नियम, 1972 होगा।

(2) ये नियम राजपत्र में प्रकाशन की तारीख को प्रवृत्त होंगे।

2. विज्ञापन और दृश्य प्रचार निदेशालय (वर्ग 3 पद) भर्ती नियम, 1962 में नियम 6 के पश्चात् निम्नलिखित नियम अन्तःस्थापित किया जाएगा, अर्थात् :—

"7. व्यावृत्ति :—इन नियमों की कोई भी बात ऐसे आरक्षणों और अन्य रियायतों पर प्रभाव नहीं डालेगी जिनका केन्द्रीय सरकार द्वारा इस सम्बन्ध में समय-समय पर निकाले गए आदेशों के अनुसार अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति और अन्य विशेष प्रवर्ग के व्यक्तियों के लिए उपबन्ध करना अपेक्षित है।"

[सं० फा० ए० 12018/1/72-स्था० 1/डी०एस०(1)]

एस० पद्मनाभन,
उप सचिव, भारत सरकार।

---

*New Delhi, the 6th June, 1972*

G.S.R. 818.—In exercise of the powers conferred by the proviso to article 309 of the Constitution, the President hereby makes the following rules further to amend the All India Radio (Class I Posts) **Recruitment** Rules, 1963, namely:—

1. (1) These rules may be called All India Radio (Class I Posts) Recruitment (Second Amendment) Rules, 1972.

(2) They shall come into force on the date of their publication in the Official Gazette.

2. In the Schedule to the All India Radio (Class I Posts) Recruitment Rules, 1963;

(i) against Serial No. 6, for the entries in column 2 and 3, the following entries shall respectively be substituted, namely:—

| 2 | 3 |
|---|---|
| "Deputy Director Audience Research/ Deputy Director Audience Research (Commercial). | 2" |

(ii) against Serial No. 11 in column 2 for the entry the following entry shall be substituted, namely:—

"Director, Audience Research."

[No. 1/9/71-B(A).]

नई दिल्ली, 6 जून, 1972

**जी० एस० आर०** 818.—संविधान के अनुच्छेद 309 के परन्तुक द्वारा प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए, राष्ट्रपति आकाशवाणी (प्रथम श्रेणी पद) भर्ती नियमावली, 1963 में अतिरिक्त संशोधन करने के लिए एतद्द्वारा निम्नलिखित नियम बनाते हैं, अर्थात् :—

1. (1) इन नियमों को आकाशवाणी (प्रथम श्रेणी पद) भर्ती (द्वितीय संशोधन) नियमावली, 1972 कहा जा सकेगा।

(2) ये नियम सरकारी राजपत्र में प्रकाशित होने की तारीख को प्रवृत्त होंगे।

2. आकाशवाणी (प्रथम श्रेणी पद) भर्ती नियमावली, 1963 की अनुसूची में, (1) क्रम संख्या 6 के सम्मुख कालम 2 या 3 के अन्तर्गत प्रविष्टियों के स्थान पर क्रमशः निम्नलिखित प्रविष्टियां स्थापित की जायेंगी, अर्थात् :—

| 2 | 3 |
|---|---|
| "उपनिदेशक, श्रोता अनुसंधान / उपनिदेशक, श्रोता अनुसंधान (वाणिज्यिक) | 2" |

(2) क्रम संख्या 11 के सम्मुख कालम 2 के अन्तर्गत प्रविष्टि के स्थान पर निम्नलिखित प्रविष्टि प्रतिस्थापित की जाएगी, अर्थात् :—

"निदेशक, श्रोता अनुसंधान"

[संख्या 1/9/71-बी० (ए०)]

**G.S.R. 819.**—In exercise of the powers conferred by the proviso to article 309 of the Constitution, the President hereby makes the following rules further to amend the All India (Class II Posts) Recruitment Rules, 1962, namely:—

1. (1) These rules may be called the All India Radio (Class II Posts) Recruitment (Second Amendment) Rules, 1972.

(2) They shall come into force on the date of their publication in the Official Gazette.

2. In the Schedule to the All India Radio (Class II Posts) Recruitment Rules, 1962, against Serial No. 4, for the entries in columns 2 and 3 the following entries shall respectively be substituted, namely:—

"Audience Research Officer 18".

[No. 1/9/71-B(A).]

**जी० एस० आर०** 819.—संविधान के अनुच्छेद 309 के परन्तुक द्वारा प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए, राष्ट्रपति आकाशवाणी (द्वितीय श्रेणी पद) भर्ती नियमावली, 1962 में अतिरिक्त संशोधन करने के लिए एतद्द्वारा निम्नलिखित नियम बनाते हैं, अर्थात् :—

1. (1) इन नियमों को आकाशवाणी (द्वितीय श्रेणी पद) भर्ती (द्वितीय संशोधन) नियमावली, 1972 कहा जा सकेगा ।

(2) ये नियम सरकारी राजपत्र में प्रकाशित होने की तारीख को प्रवृत्त होंगे ।

2. आकाशवाणी (द्वितीय श्रेणी पद) भर्ती नियमावली, 1962 की अनुसूची में क्रम संख्या 4 के सम्मुख कालम 2 तथा 3 के अन्तर्गत प्रविष्टियों के स्थान पर क्रमशः निम्नलिखित प्रविष्टियां प्रतिस्थापित की जायेंगी, अर्थात् :—

"श्रोता अनुसंधान अधिकारी 18"

[संख्या 1/9/71-बी० (ए)]

*New Delhi, the 23rd June 1972*

**G.S.R. 820.**—In exercise of the powers conferred by the proviso to article 309 of the Constitution, the President hereby makes the following rules further to amend the All India Radio (Class I Posts) Recruitment Rules, 1963, namely:—

1. (1) These rules may be called the All India Radio (Class I Posts) Recruitment (Third Amendment) Rules, 1972.

(2) They shall come into force on the date of their publication in the Official Gazette.

2. In the Schedule to the All India Radio (Class I Posts) Recruitment Rules, 1963, against Serial No. 1 relating to the post of Station Director (Ordinary Grade) for the entries in column 2 and 3, the following entries shall be substituted, namely:—

| 2 | 3 |
|---|---|
| A. Station Director | 41 |
| B. Director of Programmes | 6 |
| C. Additional Station Director (Commercial | 9 |
| D. Deputy Director (Sales) | 1 |

[No. F. 5/12/68-B(A).]
A. V. NARAYANAN, Under Secy.

नई दिल्ली, 23 जून, 1972

**जी० एस० आर०** 820.—संविधान के अनुच्छेद 309 के परन्तुक द्वारा प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए, राष्ट्रपति आकाशवाणी (प्रथम श्रेणी पद) भर्ती नियमावली, 1963 में अतिरिक्त संशोधन करने के लिए एतद्द्वारा निम्नलिखित नियम बनाते हैं, अर्थात् :—

1. (1) इन नियमों को आकाशवाणी (प्रथम श्रेणी पद) भर्ती (तृतीय संशोधन) नियमावली, 1972 कहा जा सकेगा ।

(2) ये नियम सरकारी राजपत्र में प्रकाशित होने की तारीख को प्रवृत्त होंगे ।

2. आकाशवाणी (प्रथम श्रेणी पद) भर्ती नियमावली, 1963 की अनुसूची में, केन्द्र निदेशक (साधारण ग्रेड) के पद से सम्बन्धित क्रम संख्या 1 के सम्मुख कालम 2 और 3 के अन्तर्गत प्रविष्टियों के स्थान पर निम्नलिखित प्रविष्टियां प्रतिस्थापित की जाएंगी, अर्थात् :—

| 2 | 3 |
|---|---|
| (क) केंद्र निदेशक . . . | 41 |
| (ख) कार्यक्रम निदेशक . . | 6 |
| (ग) अतिरिक्त केंद्र निदेशक (व्यापारिक) | 9 |
| (घ) उप निदेशक (बिक्री) . . | 1 |

[संख्या फा० 5/12/68—बी० (ए)]
ए० वी० नारायणन्,
अवर सचिव, भारत सरकार ।